UPGB010064592022

**न्यायालय जिला जज, गौतमबुद्धनगर।**
**सिविल निगरानी सं0–09/2022**
**मै0 अनोन्दिता हेल्थ केयर आदि। बनाम फैज मौहम्मद आदि।**

22–11–2022

पत्रावली पेश हुई।

निगरानीकर्ता की ओर से अधिवक्ता उपस्थित।

विपक्षीगण की ओर से कोई उपस्थित नही है।

निगरानीकर्ता की ओर से प्रार्थना पत्र 19ग प्रस्तुत कर कथन किया गया कि विविध वाद संख्या–166/2021 फैज मोहम्मद बनाम अनोदिता जो मूलवाद संख्या–101/2016 मै0 अनोदिता हेल्थकेयर बनाम फैज मोहम्मद से सम्बन्धित है। निगरानीकर्ता द्वारा 19ग प्रार्थना पत्र में यह कथन किया है कि सम्बन्धित मूलवाद वाणिज्य मानते हुए पत्रावली को वाणिज्यक न्यायालय में भेजी जा चुकी है। अतः यह निगरानी को इन्फ्रक्चुअस हो जाने के कारण निस्तारित की जाये।

सुना।

प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया।

अवलोकन से स्पष्ट है कि उपरोक्त निगरानी से सम्बन्धित मूलवाद की पत्रावली वाणिज्यक न्यायालय में भेजी जा चुकी है। अतः प्रस्तुत निगरानी पोषणीय नही रह गयी है, तदनुसार पोषणीय न होने के आधार पर निरस्त की जाती है।

( अवनीश सक्सेना )
जिला जज
गौतमबुद्धनगर।
आई0डी0 नं0–यूपी–6527

Digitally signed by Avnish Saxena
Date: 2022.11.22 17:40:32 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court